ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः उपवस्त्रं समर्पयामि, वस्त्रोपवस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि, हस्तप्रक्षालनम्। उपवस्त्र चढ़ायें और थोड़ा सा जल छोड़ें।

गन्धम् (चन्दनम्)-ॐतंय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्पुरुषञ्जात मग्रतः। तेनदेवाऽ अयजन्त साध्याऽ ऋषयश्चये॥

पाटीरसम्भूतमभूतपूर्वसौगन्ध्यसम्बन्धुरमेतदीश। लक्ष्मीपते चन्दन चर्चनं ते मोदाय भालेऽर्पितमस्तु वस्तु॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः चन्दनम् समर्पयामि। (चन्दन लगायें)

पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च-ॐओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्श्वाऽइव सजित्त्वरीर्व्वी रुधः पारयिष्ण्णवः॥

माल्यादीनिसुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो। मयाहृतानिपुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः पुष्पाणि पुष्पमाल्यां च समर्पयामि। (पुष्प एवं पुष्प माला चढ़ायें)

तुलसी पत्रम्—यत्पुरुषम्व्व्यदधुः कतिधाव्व्य कल्प्पयन्। मुखङ्किमस्या सीत्किम्बाहू किमूरूपादाऽउच्च्येते॥

सुगन्धवल्ली शतपत्रजाती सुवर्ण-चम्पा-वकुलोद्भवानि। गृहाणदेवेश मयार्पितानि प्रभोहरे श्रीतुलसी दलानि॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः तुलसीदलं समर्पयामि। (तुलसी दल चढ़ायें)

तदनन्तर केशव आदि चौबीस नामों से तुलसीदल चढ़ाएँ

ॐकेशवाय नमः। ॐनारायणाय नमः। ॐमाधवाय नमः। ॐगोविन्दाय नमः। ॐविष्णवे नमः। ॐमधुसूदनाय नमः। ॐत्रिविक्रमाय नमः। ॐवामनाय नमः। ॐश्रीधराय नमः। ॐहृषीकेशाय नमः। ॐपद्मनाभाय नमः। ॐदामोदराय नमः। ॐसङ्कर्षणाय नमः। ॐवासुदेवाय नमः। ॐअनिरुद्धाय नमः। ॐपुरुषोत्तमाय नमः। ॐअधोक्षजाय नमः। ॐनारसिंहाय नमः। ॐअच्युताय नमः। ॐजनार्दनाय नमः। ॐउपेन्द्राय नमः। ॐहरये नमः। ॐकृष्णाय नमः। ॐप्रणवाय नमः।

अभूषणम्-ॐयुवन्तमिन्द्रा पर्व्वता पुरोयुधायोनःपृतन्न्या दपतन्त मिद्धतं व्वज्ज्रेण तन्तमिद्धतम्। दूरेचत्ताय यच्छन्त्सद्‌गहनैँय्यदि नक्षत्॥ अस्म्माकᳬ शत्रून्न्परि शूरव्विश्शवतो दर्म्मा दर्षीष्टव्विश्श्वतः॥ भूर्ब्भुवः स्वः सुप्प्रजाः प्रजाभिः स्यामसुवीराव्वीरैः सुपोषाः पोषैः॥

वज्र माणिक्य वैदूर्य मुक्ता विद्रुम मण्डितम्। पुष्पराग समायुक्तं भूषणं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः अलङ्करणार्थे आभूषणानि समर्पयामि। (आभूषण चढ़ायें)

नानापरिमलद्रव्याणि-ॐअहिरिवभोगैः पर्य्येति बाहुञ्ज्याया हेतिम्परि बाधमानः। हस्तघ्नो व्विश्शवा व्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमाᳬ सम्परिपातु व्विश्शवतः॥

श्वेतचूर्ण रक्तचूर्ण हरिद्राकुंकुमान्वितैः। नानापरिमल द्रव्यैः प्रीयतां परमेश्वर॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि। (अबीर, गुलाल हल्दी आदि चढ़ायें)

सुगन्धित द्रव्याणिः-ॐत्र्यम्बकंय्यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्द्धनम्॥ उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्म्मुक्षीयमामृतात्॥ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पति वेदनम्॥ उर्व्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मा मुतः॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः सुगन्धित द्रव्यं समर्पयामि। (इत्र आदि सुगन्धित द्रव्य चढ़ायें)

धूपम्-ॐव्ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः। ऊरूतदस्ययद्वैश्यः पद्भ्याᳪ शूद्रोऽअजायत॥ सौरम्यमानन्दकरं यदीयं यदीयधूपोऽपि विधूतधूमः। एषोऽस्ति धूपो ज्वलते पुरस्ते मोदावहो माधव जिघ्र जिघ्र॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः धूपं आघ्रापयामि। (धूप दिखायें)

दीपम्-ॐचन्द्रमामनसोजातश्चक्षोः सूर्य्योऽअजायत। श्रोत्राद्वायुश्च प्प्राणश्चमुखादग्निरजायत॥ सद्वर्ति सम्पूरित एष दीप आलोककारी तमसां विदारी। प्रज्वालितः स्नेहमये सुपात्रे लक्ष्मीपते चन्द्रमसं गृहाण॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः दीपं दर्शयामि। धूप दीपान्ते आचमनीयं जलं सर्पयामि। हस्त प्रक्षालनम्।

दीपक दिखायें और एक आचमनी जल छोड़कर हाथ धो लें।

नैवेद्यम्-ॐनाभ्याऽआसी दन्तरिक्षᳪ शीर्ष्णोद्यौः समवर्त्तत। पद्भ्याम्भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथालोकाँ२॥ अकल्प्पयन्॥ व्यतीतयामं नवनीतमेतद् द्राक्षादिरम्भासित शर्करा च। निधाय रम्ये कनकस्थपात्रे दत्तं तु नैवेद्यमिदं गृहाण॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नैवेद्यं निवेदयामि। धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य ग्रासमुद्राः प्रदर्शयेत्।

श्रीसत्यनारायणजी के सामने भोग में तुलसीदल रख कर निवेदन करें एवं जल छोड़ें। धेनु मुद्रा से अमृती करण करें

एवं योनिमुद्रा दिखायें और घण्टी बजायें। पश्चात् पञ्चग्रासमुद्रा दिखाकर प्रत्येक मुद्रा में जल छोड़ते जायँ।

ॐप्राणाय स्वाहा। ॐअपानाय स्वाहा। ॐव्यानाय स्वाहा। ॐउदानाय स्वाहा। ॐसमानाय स्वाहा। मध्ये-मध्ये पानीयं उत्तरा पोशनार्थे जलं समर्पयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य। (सम्मुख में पाँच बार जल छोड़ें और हाथ धो लें)

ऋतुफलम्-ॐयाः फलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्पा याश्चपुष्पिणीः। बृहस्पति प्रसूतास्ता नो मुञ्चत्व हसः॥

इदं फलं मयादेव स्थापितं पुरतस्तव। तेन मे सफलावाप्तिः भवेज्जन्मनि जन्मनि॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः ऋतुफलम् समर्पयामि। (ऋतुफल (केला आदि) चढ़ायें)

मुखवासार्थे ताम्बूलम्-ॐयत्पुरुषेणहविषादेवायज्ञ मतन्वत। व्वसन्तोऽस्यासीदाज्यङ्ग्रीष्मऽइध्मः शरद्धविः॥

पूगीसुधैर्लाघनसारदेव पुष्पैरुपेतं मुखमण्डनं यत्। विहारहार्यं नवरङ्गगर्भं गृहाण ताम्बूलमिदं मदर्पितम्॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः मुखवासार्थे सफल ताम्बूलम् समर्पयामि। (पान, सुपाड़ी, लौंग और इलायची चढ़ायें)

नारिकेल फलम्-ॐश्रीश्च्चतेलक्ष्मीश्च्च पत्क्न्या वहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्। इष्णन्निषाणा मुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः नारिकेलफलम् समर्पयामि। (नारियल चढ़ायें)

दक्षिणा द्रव्यम् :-**ॐहिरण्यगर्ब्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधारपृथिवीन्द्यामुतेमाङ्कस्म्मै देवाय हविषाव्विधेम॥**

आतन्वसे त्वं करुणां जगत्यां इमां ददत्ते वत लज्जितोऽस्मि। मय्येव तावत्करुणां वितन्यतां दक्षिणा मेकलयाशु नाथ॥

दक्षिणा स्वर्णसहिता यथाशक्ति समर्पिता। अनन्त फलदामेन गृहाण परमेश्वर॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि। (दक्षिणा (रुपये) चढ़ायें)

-:प्रार्थना:-

हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहीत्वा प्रार्थनां कुर्यात्

फुल्लेन्दीवर कान्तिमिन्दुवदनं वर्हावतंसप्रियं, श्रीवत्साङ्कमुदार कौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरम्।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसङ्घावृतं, गोविन्दं कल वेणुनादन परं दिव्याङ्ग भूषं भजे॥
स शङ्ख चक्रं सकरीटकुण्डलं स पीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणम्।
सहार वक्षःस्थल कौस्तुभश्रियं नमामि विष्णुं शिरसाश्चतुर्भुजम् ॥

ॐभूर्भुवः स्वः श्रीसत्यनारायणाय नमः प्रार्थना पूर्वकं नमस्करोमि, प्रणमामि मुहुर्मुहुः।

सरस्वती पूजनम्

गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य तथा दक्षिणा आदि उपचारों से भगवती सरस्वती की निम्नमन्त्र से पूजा करें।

ॐ नमोदेव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः। नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताःस्म ताम्॥

श्रीसरस्वत्यै नमः सकलपूजनार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

एवं तदुपरान्त निम्नमन्त्र से ब्राह्मण देवता को चन्दन कलावा एवं दक्षिणा समर्पित कर पूजन करें।

नमो ब्रह्मण्यदेवाय गोब्राह्मण हिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः॥

तदनन्तर बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान् श्रीसत्यनारायण की कथा का श्रवण एवं मनन करें।

*****

।। श्रीगणेशाय नमः ।।

।। श्रीपरमात्मने नमः ।।

श्रीसत्यनारायण व्रतकथा

अथ प्रथमोऽध्यायः

श्रीसत्यनारायणव्रत की महिमा तथा व्रत की विधि

श्रीव्यास उवाच

एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः। पप्रच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु।।१।।

श्रीव्यासजी ने कहा–एक समय नैमिषारण्य तीर्थ में शौनक आदि अठ्ठासी हजार सभी ऋषियों तथा मुनियों ने पुराण एवं शास्त्र के ज्ञाता श्रीसूतजी महाराज से पूछा–।।१।।

ऋषय ऊचुः

व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम् । तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामुने।।२।।

ऋषियों ने कहा–हे महामुने! आप तो इतिहास एवं पुराणों के ज्ञाता है। अतः आपसे एक निवेदन है, कि इस कलियुग में वेद विद्या से रहित मनुष्यों को प्रभु भक्ति किस प्रकार से प्राप्त हो, तथा उनका उद्धार कैसे होगा? इसलिये हे मुनिश्रेष्ठ! कोई ऐसा तप कहें, कोई ऐसा व्रत कहें, कोई ऐसा अनुष्ठान कहें, जिससे थोड़े ही समय में पुण्य मिल सके और मनोवाञ्छित फल की भी प्राप्ति हो सके। हमारी सुनने की प्रबल इच्छा है।।२।।

सूत उवाच

नारदेनैव सम्पृष्टो भगवान् कमलापतिः । सुरर्षये यथैवाह तच्छृणुध्वं समाहिताः ।।३।।

एकदा नारदो योगी परानुग्रहकाङ्क्षया। पर्यटन् विविधान् लोकान् मर्त्यलोकमुपागतः।।४।।

ततोदृष्ट्वा जनान्सर्वान् नानाक्लेशसमन्वितान्। नानायोनिसमुत्पन्नान् क्लिश्यमानान् स्वकर्मभिः।।५।।

केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद् ध्रुवम् । इति संचिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा।।६।।

सर्वशास्त्र ज्ञाता श्रीसूतजी ने कहा—हे ऋषियो! आप सबने सभी प्राणियों के हित के लिये यह बात पूछी है, क्योंकि परोपकार ही तो संतों का लक्षण है। इसलिये उस श्रेष्ठ व्रत को आप लोगों से कहूँगा जिस व्रत को नारद जी ने भगवान कमलापति से पूछा था। एक समय योगिराज नारद जी (परानुग्रह कांक्षया) दूसरों के हित की इच्छा से अनेक लोकों में घूमते हुए मृत्यु लोक में आ पहुँचे। वहाँ अनेक योनियों में जन्में प्राणी अपने कर्मों के द्वारा अनेकों दुःखों से पीड़ित हैं, ऐसा देखकर नारद जी ने मन में विचार किया कि किस यत्न से इन प्राणियों के दुःख का नाश हो। ऐसा मन में विचार कर विष्णु लोक को गये—।।३—६।।

तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णं चतुर्भुजम् । शंख-चक्र-गदा-पद्म-वनमाला-विभूषितम्।।७।।

दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे।

वहाँ श्वेत वर्ण और चार भुजाओं वाले सबके आधार भगवान् नारायण को देखा। जिनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म तथा गले में वनमाला सुशोभित है। नारदजी ने श्रीविग्रह के दर्शन कर सुन्दर स्तुति करने लगे।।७१/२।।

नारद उवाच

नमो वाङ्ममनसातीतरूपायानन्तशक्तये॥८॥

आदिमध्यान्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने। सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने॥९॥

श्रुत्वा स्तोत्रं ततो विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत।

नारदजी बोले–हे भगवन्! आप अत्यन्त शक्ति से सम्पन्न हैं। मन तथा वाणी भी आपको नहीं पा सकती, आपका आदि, मध्य, अन्त भी नहीं है। निर्गुण स्वरूप सृष्टि के आदिभूत एवं भक्तों के दु:खों को नष्ट करने वाले आप हैं, भगवन् मेरा नमन् स्वीकार करें। नारदजी की स्तुति सुनकर भगवान् नारायण ने नारद जी से पूछा॥८–९१/२॥

श्रीभगवानुवाच

किमर्थमागतोऽसि त्वं किं ते मनसि वर्तते । कथयस्व महाभाग तत्सर्वं कथयामि ते॥१०॥

श्रीभगवान् ने कहा–हे मुनिश्रेष्ठ! आपके मन में क्या है। आपका यहाँ किस काम के लिये आगमन हुआ है। नि:संकोच कहो, मैं सब कुछ बताऊँगा॥१०॥

नारद उवाच

मर्त्यलोके जना: सर्वे नानाक्लेशसमन्विता: । नानायोनिसमुत्पन्ना:पच्यन्ते पापकर्मभि:॥११॥

तत्कथं शमयेन्नाथ लघूपायेन तद्वद । श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वं कृपास्ति यदि ते मयि॥१२॥

नारदजी ने कहा–हे प्रभु! मृत्युलोक में प्राय: अपने-अपने पाप कर्मों के द्वारा विभिन्न योनियों मे उत्पन्न

सभी लोग अनेक प्रकार के दुःखों से दुःखी हो रहे हैं। हे नाथ! यदि आप मुझ पर दया रखते हैं तो बतलायें कि उन मनुष्यों के सब दुःख थोड़े ही प्रयत्न से कैसे दूर हों।।११-१२।।

श्रीभगवानुवाच

साधु पृष्टं त्वया वत्स लोकानुग्रहकांक्षया। यत्कृत्वा मुच्यते मोहात् तच्छृणुष्व वदामि ते।।१३।।
व्रतमस्ति महत्पुण्यं स्वर्गे मर्त्ये च दुर्लभम् । तव स्नेहान्मया वत्स प्रकाशःक्रियतेऽधुना।।१४।।
सत्यनारायणस्यैव व्रतं सम्यग्विधानतः । कृत्वा सद्यः सुखं भुक्त्वा परत्र मोक्षमाप्नुयात्।।१५।।
तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं नारदो मुनिरब्रवीत्।।

भगवान् श्रीहरि ने कहा—हे नारद! मनुष्यों की भलाई के लिये आपने बहुत अच्छी बात पूछी है। जिस व्रत के करने से प्राणि मोह से मुक्त हो जाता है, सो मैं उस महान् शक्तिशाली व्रत को कहता हूँ, श्रीसत्यनारायण भगवान् का व्रत महान् पुण्य देने वाला तथा स्वर्ग एवं मृत्युलोक में अत्यन्त दुर्लभ है। श्रीसत्यनारायणजी का व्रत पूर्ण विधि विधान से करने पर मनुष्य मृत्युलोक में सुख भोग कर अन्त में शरीर छोड़कर मोक्ष को प्राप्त होता है। भगवान् के श्रीमुख से वचन सुनकर, नारद जी ने पूछा—।।१३—१५१/२।।

नारद उवाच

किं फलं किं विधानं च कृतं केनैव तद् व्रतम्।।१६।।
तत्सर्वं विस्तराद् ब्रूहि कदा कार्यं व्रतं प्रभो।।

नारदजी ने कहा—हे प्रभो! सत्यव्रत का फल क्या है? क्या विधान है? किसने सत्यव्रत को किया है?

तथा किस दिन सत्यव्रत को करना चाहिये। सब विस्तार से हमारी सुनने की अभिलाषा है।।१६१/२।।

श्रीभगवानुवाच

दुःखशोकादिशमनं धनधान्यप्रवर्धनम्।।१७।।

सौभाग्यसंततिकरं सर्वत्र विजयप्रदम्। यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्तिश्रद्धासमन्वितः।।१८।।

सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशामुखे। ब्राह्मणैर्बान्धवैश्चैव सहितो धर्मतत्परः।।१९।।

नैवेद्यं भक्तितो दद्यात् सपादं भक्ष्यमुत्तमम्। रम्भाफलं घृतं क्षीरं गोधूमस्य च चूर्णकम्।।२०।।

अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा वा गुडस्तथा। सपादं सर्वभक्ष्याणि चैकीकृत्य निवेदयेत्।।२१।।

श्रीभगवान् ने कहा—नारद! दुःख, शोक आदि को दूर करने वाला धन-धान्य को बढ़ाने वाला, सौभाग्य तथा सन्तान को देने वाला, सभी स्थानों पर विजयश्री दिलाने वाला—भक्ति और श्रद्धा के साथ किसी भी दिन मनुष्य श्रीसत्यनारायण की कथा शाम के समय ब्राह्मणों एवं बन्धुओं के साथ धर्मपारायण होकर पूजा करें। भक्ति भाव से सवाया मात्रा में नैवेद्य, केले का फल, घी, दूध, और गेहूँ का चूर्ण लेवे। गेहूँ के अभाव में साठी का चूर्ण, शक्कर तथा गुड़ लें और सब भक्षण योग्य पदार्थ एकत्रित करके भगवान् सत्यनारायण को अर्पण करना चाहिये।।।१७-२१।।

विप्राय दक्षिणां दद्यात् कथां श्रुत्वा जनैः सह। ततश्च बन्धुभिः सार्धं विप्रांश्च प्रतिभोजयेत्।।२२।।

प्रसादं भक्षयेद् भक्त्या नृत्यगीतादिकं चरेत्। ततश्च स्वगृहं गच्छेत् सत्यनारायणं स्मरन्।।२३।।

एवं कृते मनुष्याणां वाञ्छासिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्। विशेषतः कलियुगे लघूपायोऽस्ति भूतले॥२४॥

बन्धु बान्धवों के साथ श्रीसत्यनारायण कथा सुनकर ब्राह्मणों को भोजन करायें एवं दक्षिणा देकर सन्तुष्ट करें। तदुपरान्त बन्धु-बान्धवों सहित स्वयं भी भोजन करें। नृत्य-गीत आदि का आचरण कर श्रीसत्यनारायण भगवान् का स्मरण कर रात्रि व्यतीत करें। इस तरह से व्रत करने पर मनुष्यों की इच्छायें निश्चय ही पूर्ण होती हैं। विशेष कलिकाल में मृत्यु-लोक में यही इच्छा पूर्ति एवं मोक्ष का सरल सा उपाय है॥२२-२४॥

॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां प्रथमोऽध्यायः ॥

॥ इस प्रकार श्रीस्कन्दपुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह पहला अध्याय पूरा हुआ ॥१॥

अथ द्वितीयोऽध्यायः

निर्धन ब्राह्मण तथा लकड़हारे की कथा

सूत उवाच

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि कृतं येन पुरा द्विजाः। कश्चित् काशीपुरे रम्ये ह्यासीद्विप्रोऽतिनिर्धनः॥१॥
क्षुतृड्भ्यां व्याकुलोभूत्वा नित्यं बभ्राम भूतले। दुःखितं ब्राह्मणं दृष्ट्वा भगवान् ब्राह्मणप्रियः॥२॥
वृद्धब्राह्मण रूपस्तं पप्रच्छ द्विजमादरात्। किमर्थं भ्रमसे विप्र महीं नित्यं सुदुःखितः॥३॥
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि कथ्यतां द्विज सत्तम।

सूतजी बोले—हे द्विजो! जिसने पहले समय में इस व्रत को किया है, उसका इतिहास कहता हूँ, उसे ध्यान से सुनो। एक सुन्दर काशीपुरी नाम की नगरी में एक अति निर्धन ब्राह्मण रहता था, वह ब्राह्मण भूख और प्यास से व्याकुल हुआ नित्य ही पृथ्वी पर घूमता था। ब्राह्मणों से प्रेम करने वाले (ब्राह्मण प्रियः)भगवान् श्रीविष्णुजी ने ब्राह्मण को दुखी देखकर बूढ़े ब्राह्मण का रूप धारण कर उसके पास जाकर आदरपूर्वक पूछा—हे विप्र! नित्य दुःखी होकर पृथ्वी पर क्यों घूमते हो? हे श्रेष्ठ ब्राह्मण! वह सब मुझसे कहो मैं सुनना चाहता हूँ॥ १—३१/२॥

ब्राह्मण उवाच

ब्राह्मणोऽति दरिद्रोऽहं भिक्षार्थं वै भ्रमे महीम्॥४॥
उपायं यदि जानासि कृपया कथय प्रभो।

ब्राह्मण बोला—हे प्रभो! मैं बहुत निर्धन ब्राह्मण हूँ, भिक्षा के लिये ही पृथ्वी पर घूमता हूँ (भिक्षार्थं वै

भ्रमे महीम्)। हे भगवन्! आप इस निर्धनता (दरिद्रता) से छुटकारा दिलाने वाला कोई उपाय जानते हों तो कृपा पूर्वक बतलाइये।।४१/२।।

वृद्धब्राह्मण उवाच

सत्यनारायणो विष्णुर्वाञ्छितार्थफलप्रदः।।५।।

तस्य त्वं पूजनं विप्र कुरुष्व व्रतमुत्तमम। यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः।।६।।

विधानं च व्रतस्यापि विप्रायाभाष्य यत्नतः। सत्यनारायणो वृद्धस्तत्रैवान्तरधीयत।।७।।

तद् व्रतं संकरिष्यामि यदुक्तं ब्राह्मणेन वै। इति संचिन्त्य विप्रोऽसौ रात्रौ निद्रा न लब्धवान्।।८।।

वृद्धब्राह्मण रूपधारी भगवान् श्रीविष्णुजी ने कहा—हे ब्राह्मणदेव! भगवान् सत्यनारायण मनोवाञ्छित फल देने वाले हैं। इसलिये हे विप्र! तुम सत्यनारायण का व्रत एवं पूजन करो, सत्यव्रत करने से मनुष्य सभी दुःखों से मुक्त होता है। ब्राह्मण को यत्न पूर्वक व्रत का सम्पूर्ण विधान बतलाकर बूढ़े ब्राह्मण का रूप धारण करने वाले सत्यनारायण भगवान् वहीं अन्तर्धान हो गये। जिस व्रत को वृद्ध ब्राह्मण ने बतलाया है, उस व्रत को मैं निश्चय ही करूँगा। यह निश्चय कर निर्धन ब्राह्मण को (रात्रौनिद्रा न लब्धवान्) रात्रि में नींद नहीं आयी।।५—८।।

ततः प्रातः समुत्थाय सत्यनारायणव्रतम् । करिष्य इति संकल्प्य भिक्षार्थमगमद्विजः।।९।।

तस्मिन्नेव दिने विप्रः प्रचुरं द्रव्यमाप्तवान् । तेनैव बन्धुभिः सार्धं सत्यस्यव्रतमाचरत्।।१०।।

सर्वदुःखविनिर्मुक्तः सर्वसम्पत्समन्वितः । बभूव स द्विजश्रेष्ठो व्रतस्यास्य प्रभावतः।।११।।

ततःप्रभृति कालं च मासि मासि व्रतं कृतम्।

एवं नारायणस्येदं व्रतं कृत्वा द्विजोत्तमः ।सर्वपापविनिर्मुक्तो दुर्लभं मोक्षमाप्तवान्॥१२॥

तदनन्तर वह ब्राह्मण प्रातःकाल उठा नित्यक्रिया से निवृत्त हो श्रीसत्यनारायणजी के व्रत का निश्चय कर भिक्षा के लिये चल पड़ा। भगवत्-कृपा से उस दिन उसको भिक्षा में बहुत सा धन मिला जिससे बन्धु बान्धवों के साथ उसने सत्यनारायण व्रत किया। इस प्रकार सत्यनारायण की महिमा से ब्राह्मण सब दुःखों से छूटकर अनेक प्रकार की सम्पत्तियों से युक्त हो गया। उस दिन से लेकर प्रत्येक महीने उसने व्रत किया। इस प्रकार भगवान् सत्यनारायण के इस व्रत को करके वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी पापों से मुक्त हो दुर्लभ मोक्षपद को प्राप्त किया॥९-१२॥

व्रतमस्य यदा विप्र पृथिव्यां संकरिष्यति। तदैव सर्वदुःखं तु मनुजस्य विनश्यति॥१३॥

एवं नारायणेनोक्तं नारदाय महात्मने। मया तत्कथितं विप्राः किमन्यत् कथयामि वः॥१४॥

हे विप्र! पृथिवी पर जो मनुष्य 'श्री सत्यनारायण व्रतकथा' करता है, वह सब पापों से छूटकर दुर्लभ मोक्ष का अधिकारी बनता है। आगे जो पृथ्वी पर 'सत्यनारायण व्रत कथा' करेगा वह मनुष्य सब दुःखों से छूट जायेगा। हे ब्राह्मणो! इस तरह नारायणजी के श्रीमुख से कहा हुआ यह व्रत मैंने तुमसे कहा—हे ऋषियो! और क्या सुनना चाहते हो?॥१३—१४॥

ऋषय ऊचुः

तस्माद् विप्राच्छ्रुतं केन पृथिव्यां चरितं मुने ।तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः श्रद्धाऽस्माकं प्रजायते॥१५॥

ऋषियों ने कहा–हे मुनीश्वर! पृथ्वी में उस ब्राह्मण से सुनकर किस-किस ने इस व्रत को किया? हम वह सब सुनना चाहते हैं। सत्यनारायणव्रत पर हमारी श्रद्धा हो रही है॥१५॥

सूत उवाच

शृणुध्वं मुनयः सर्वे व्रतं येन कृतं भुवि । एकदा स द्विजवरो यथाविभव विस्तरैः॥१६॥
बन्धुभिः स्वजनैः सार्धं व्रतं कर्तुं समुद्यतः। एतस्मिन्नन्तरे काले काष्ठक्रेता समागमत्॥१७॥
बहिः काष्ठं च संस्थाप्य विप्रस्य गृहमाययौ। तृष्णया पीडितात्मा च दृष्ट्वा विप्रं कृतं व्रतम्॥१८॥
प्रणिपत्य द्विजं प्राह किमिदं क्रियते त्वया । कृते किं फलमाप्नोति विस्तराद् वद मे प्रभो॥१९॥

श्रीसूतजी बोले–हे मुनियो! पृथिवी में जिस-जिसने इस व्रत को किया है वह सब सुनो–एक समय वह ब्राह्मण धन और ऐश्वर्य के अनुसार बन्धु-बान्धवों के साथ व्रत करने को तैयार हुआ। उसी समय एक लकड़हारा आया, और बाहर लकड़ियों का गट्ठर रखकर ब्राह्मण के घर में गया। प्यास से दुःखी लकड़हारे ने ब्राह्मण को व्रत करते देख ब्राह्मण को नमस्कार कर कहने लगा–कि हे प्रभो! आप यह क्या कर रहे हैं, और इसके करने से क्या फल मिलता है? कृपा कर विस्तार पूर्वक मुझसे कहें॥१६–१९॥

विप्र उवाच

सत्यनारायणस्येदं व्रतं सर्वेप्सितप्रदम्। तस्य प्रसादान्मे सर्वं धनधान्यादिकं महत्॥२०॥
तस्मादेतद् व्रतं ज्ञात्वा काष्ठक्रेताऽतिहर्षितः। पपौ जलं प्रसादं च भुक्त्वा स नगरं ययौ॥२१॥
सत्यनारायणं देवं मनसा इत्यचिन्तयत्। काष्ठं विक्रयतो ग्रामे प्राप्यते चाद्य यद् धनम्॥२२॥
तेनैव सत्यदेवस्य करिष्ये व्रतमुत्तमम्। इति संचिन्त्य मनसा काष्ठं धृत्वा तु मस्तके॥२३॥

जगाम नगरे रम्ये धनिनां यत्र संस्थितिः। तद्दिने काष्ठमूल्यं च द्विगुणं प्राप्तवानसौ।।२४।।

ब्राह्मण ने कहा—सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला यह श्रीसत्यनारायण भगवान् का व्रत है। इसी व्रत के प्रभाव से मेरे यहाँ महान् धन-धान्य आदि की वृद्धि हुई है। ब्राह्मण से इस व्रत के बारे में जानकर लकड़हारा बहुत प्रसन्न हुआ चरणामृत और प्रसाद ग्रहण करके वह नगर चला गया। लकड़हारे ने मन में इस प्रकार का संकल्प किया कि आज ग्राम में लकड़ी बेचने से जो धन मुझे मिलेगा, उसी धन से सत्यनारायणदेव का उत्तम व्रत करूँगा। यह मन में विचार कर बूढ़ा लकड़हारा अपने सिर पर लकड़ियाँ रखकर जिस नगर में धनिक लोग रहते थे, ऐसे सुन्दर नगर में गया। फल-स्वरूप बूढ़े लकड़हारे को आज अन्य दिनों की अपेक्षा लकड़ियों का दाम दुगुनी मात्रा में मिला।।२०—२४।।

ततः प्रसन्नहृदयः सुपक्वं कदली फलम्। शर्कराघृतदुग्धं च गोधूमस्य च चूर्णकम्।।२५।।
कृत्वैकत्र सपादं च गृहीत्वा स्वगृहं ययौ। ततो बन्धून् समाहूय चकार विधिना व्रतम्।।२६।।
तद् व्रतस्य प्रभावेण धनपुत्रान्वितोऽभवत्। इहलोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ।।२७।।

तदनन्तर वह बूढ़ा लकड़हारा दाम ले अतिप्रसन्न होकर सत्यनारायण व्रतकथा की सामग्री सवाया मात्रा में लेकर अपने घर गया। तत्पश्चात् उसने अपने बन्धु-बान्धवों एवं ब्राह्मणों को बुलाकर विधि-विधान से भगवान् सत्यनारायण के व्रत को किया। उस व्रत के प्रभाव से बूढ़ा लकड़हारा धन, पुत्र आदि से युक्त हुआ और संसार के समस्त सुखों को भोगकर बैकुण्ठ को गया।।२५—२७।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां द्वितीयोऽध्यायः ।।

।। इस प्रकार श्रीस्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह दूसरा अध्याय पूरा हुआ ।।२।।

अथतृतीयोऽध्यायः

राजा उल्कामुख, साधु वणिक् एवं लीलावती-कलावती की कथा

सूत उवाच

पुनरग्रे प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनि सत्तमाः। पुरा चोल्कामुखो नाम नृपश्चासीन्महामतिः॥१॥
जितेन्द्रियः सत्यवादी ययौ देवालयं प्रति। दिने दिने धनं दत्त्वा द्विजान् संतोषयत् सुधीः॥२॥
भार्या तस्य प्रमुग्धा च सरोजवदना सती। भद्रशीलानदी तीरे सत्यस्यव्रतमाचरत्॥३॥
एतस्मिन्नन्तरे तत्र साधुरेकः समागतः। वाणिज्यार्थं बहुधनैरनेकैः परिपूरितः॥४॥
नावं संस्थाप्य तत्तीरे जगाम नृपतिं प्रति। दृष्ट्वा स व्रतिनं भूपं पप्रच्छ विनयान्वितः॥५॥

श्रीसूतजी बोले—हे श्रेष्ठ मुनियों! अब ध्यान पूर्वक आगे की कथा सुनो। प्राचीन समय में उल्कामुख नाम का एक सुबुद्धिमान राजा था। उल्कामुख सत्यवक्ता एवं जितेन्द्रिय था। वह विद्वान् राजा प्रतिदिन देवस्थानों में जाता तथा ब्राह्मणों को धन देकर उन्हें सन्तुष्ट करता था। उसकी धर्मपत्नी कमल के समान मुख वाली और सती-साध्वी एवं शील आदि विनय गुणों से सम्पन्न तथा पतिपरायणा थी। एक दिन भद्रशीला नदी के तट पर दोनों दम्पतियों ने भगवान् सत्यदेव का व्रत एवं पूजन कर रहा था। जिस समय राजा अपने परिवार के साथ व्रत एवं पूजन कर रहे थे, उसी समय वहाँ पर एक साधु वैश्य (वणिक्) आया। उसके पास व्यापार के लिये बहुत-सा धन था। भद्रशीला नदी के तटपर अपनी नौका को किनारे

ठहराकर राजा के पास गया और राजा को व्रत करते देख विनयपूर्वक पूछने लगा।।१–५।।

साधुरुवाच

किमिदं कुरुषे राजन् भक्तियुक्तेन चेतसा। प्रकाशं कुरु तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि साम्प्रतम्।।६।।

साधु ने कहा–हे राजन्! भक्ति युक्तचित्त से यह आप क्या कर रहे हैं? मेरी सुनने की इच्छा है। यह आप मुझे बताने की कृपा करें।।६।।

राजोवाच

पूजनं क्रियते साधो विष्णोरतुलतेजसः। व्रतं च स्वजनैः सार्धं पुत्राद्यावाप्ति काम्यया।।७।।

राजा बोला–हे साधू! अपने बान्धवों के साथ पुत्र प्राप्ति के लिये यह महाशक्तिशाली सत्यनारायण भगवान् का पूजन एवं व्रत कर रहा हूँ।।७।।

भूपस्य वचनं श्रुत्वा साधुः प्रोवाच सादरम्। सर्वं कथय मे राजन् करिष्येऽहं तवोदितम्।।८।।
ममापि संततिर्नास्ति ह्येतस्माज्जायते ध्रुवम्। ततो निवृत्त्य वाणिज्यात् सानन्दो गृहमागतः।।९।।
भार्यायै कथितं सर्वं व्रतं संतति दायकम्। तदा व्रतं करिष्यामि यदा मे संततिर्भवेत्।।१०।।
इति लीलावतीं प्राह पत्नीं साधुः स सत्तमः।।

राजा के वचन को सुनकर वह साधु वैश्य आदर के साथ बोला। हे राजन्! मुझसे इस व्रत का सब विधान कहें। अतः आपके कथनानुसार इस व्रत को मैं भी करूँगा क्योंकि मेरे भी कोई संतति नहीं है। राजा से व्रत का विधान सुनकर साधु व्यापार से निवृत्त हो आनन्द के साथ घर गया। साधु ने अपनी स्त्री

से सन्तति देने वाले उस उत्तम व्रत का समाचार सुनाया और कहा जब मेरे सन्तान होगी तब मैं इस व्रत को करूँगा। साधु ने ऐसे वचन अपनी पत्नी लीलावती से कहे।।८–१०१/२।।

एकस्मिन् दिवसे तस्य भार्या लीलावती सती।।११।।

भर्तृयुक्तानन्दचित्ताऽभवद् धर्मपरायणा। गर्भिणी साऽभवत् तस्य भार्या सत्यप्रसादतः।।१२।।

दशमे मासि वै तस्याः कन्यारत्नमजायत। दिने दिने सा ववृधे शुक्लपक्षे यथा शशी।।१३।।

नाम्ना कलावती चेति तन्नामकरणं कृतम्। ततो लीलावती प्राह स्वामिनं मधुरं वचः।।१४।।

न करोषि किमर्थं वै पुरा संकल्पितं व्रतम्।

एक दिन उसकी पत्नी लीलावती आनन्दित हो एवं सांसारिक धर्म में प्रवृत्त होकर सत्यदेव की कृपा से गर्भवती हुई। तथा समय बीतने पर दसवें महीने में उसके यहाँ एक सुन्दर कन्या ने जन्म लिया। वह कन्या दिनों-दिन इस प्रकार बढ़ने लगी जैसे शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा बढ़ रहा हो। इसलिये उस कन्या का नाम कलावती रखा गया। तब लीलावती ने मीठे शब्दों में अपने पति से कहा कि आपने जो संकल्प किया था कि सन्तान होने पर भगवान् सत्यदेव का व्रत करूँगा सो भगवत् कृपा से हमारे यहाँ कन्या ने जन्म लिया है। आप संकल्पानुसार उस व्रत को क्यों नहीं कर रहे हैं?।।११–१४१/२।।

साधुरुवाच

विवाह समये त्वस्याः करिष्यामि व्रतं प्रिये।।१५।।

इति भार्यां समाश्वास्य जगाम नगरं प्रति। ततः कलावती कन्या ववृधे पितृवेश्मनि।।१६।।

दृष्ट्वा कन्यां ततः साधुर्नगरे सखिभिः सह। मन्त्रयित्वा द्रुतं दूतं प्रेषयामास धर्मवित्॥१७॥
विवाहार्थं च कन्याया वरं श्रेष्ठं विचारय। तेनाज्ञप्तश्च दूतोऽसौ काञ्चनं नगरं ययौ॥१८॥
तस्मादेकं वणिक्पुत्रं समादायागतो हि सः। दृष्ट्वा तु सुन्दरं बालं वणिक्पुत्रं गुणान्वितम्॥१९॥
ज्ञातिभिर्बन्धुभिः सार्धं परितुष्टेन चेतसा। दत्तवान् साधुपुत्राय कन्यां विधिविधानतः॥२०॥

साधु बोला–हे प्रिये! इसके विवाह के समय व्रत कर लूँगा जल्दी क्या है? अपनी पत्नी को भलीभाँति आश्वासन दे वह नगर को गया। इधर कन्या कलावती पितृ गृह में वृद्धि को प्राप्त हो गई। साधु ने जब नगर में सखियों के साथ क्रीडा करती हुई अपनी पुत्री को विवाह योग्य देखा, और तुरन्त ही दूत को बुलाकर कहा–कि पुत्री कलावती के लिये कोई सुयोग्य वणिक् पुत्र खोजकर लाओ। साधु की आज्ञा पाकर दूत काँचननगर पहुँचा और बड़ी खोज एवं देखभाल कर कन्या कलावती के लिये सुयोग्य वणिक पुत्र को ले आया। उस सुयोग्य वणिक् पुत्र को देखकर साधु वैश्य ने अपने भाई बन्धुओं एवं जाति के लोगों के साथ प्रसन्नचित्त होकर अपनी पुत्री कलावती का विवाह उस सुयोग्य वणिक्पुत्र के साथ कर दिया॥१५-२०॥

ततोऽभाग्यवशात् तेन विस्मृतं व्रतमुत्तमम्। विवाहसमये तस्यास्तेन रुष्टो भवत् प्रभुः॥२१॥
ततः कालेन नियतो निजकर्म विशारदः। वाणिज्यार्थं ततः शीघ्रं जामातृ सहितो वणिक्॥२२॥
रत्नसारपुरे रम्ये गत्वा सिन्धु समीपतः। वाणिज्यमकरोत् साधुर्जामात्रा श्रीमता सह॥२३॥
तौ गतौ नगरे रम्ये चन्द्रकेतोर्नृपस्य च। एतस्मिन्नेव काले तु सत्यनारायणः प्रभुः॥२४॥
भ्रष्टप्रतिज्ञमालोक्य शापं तस्मै प्रदत्तवान्। दारुणं कठिनं चास्य महद् दुःखं भविष्यति॥२५॥

लेकिन दुर्भाग्यवश विवाह के समय भी सत्यदेव का व्रत एवं पूजन करना भूल गया। पूर्व में व्रत का संकल्प करने के बाद भी संकल्प पूरा न करने के कारण भगवान् सत्यनारायण कुपित हो गए। अपने कार्य में कुशल साधु (बनिया) अपने दामाद सहित समुद्र के समीप व्यापार करने रत्नसारपुर पहुँचा। और वहाँ चन्द्रकेतु राजा के नगर में दोनों ससुर जमाई व्यापार करने लगे। भ्रष्ट-प्रतिज्ञ देखकर सत्यनारायण भगवान् ने श्राप दे दिया कि इसे दारुण, कठिन और महान् दुःख प्राप्त हो।।२१-२५।।

एकस्मिन्दिवसे राज्ञो धनमादाय तस्करः। तत्रैव चागत श्चौरो वणिजौ यत्र संस्थितौ।।२६।।
तत्पश्चाद् धावकान् दूतान् दृष्ट्वा भीतेन चेतसा। धनं संस्थाप्य तत्रैव स तु शीघ्रमलक्षितः।।२७।।
ततो दूताःसमायाता यत्रास्ते सज्जनो वणिक्। दृष्ट्वा नृपधनं तत्र बद्ध्वाऽऽनीतौ वणिक्सुतौ।।२८।।
हर्षेण धावमानाश्च प्रोचुर्नृपसमीपतः। तस्करौ द्वौ समानीतौ विलोक्याज्ञापय प्रभो।।२९।।
राज्ञाऽऽज्ञप्तास्ततः शीघ्रं दृढं बध्वा तु ता वुभौ। स्थापितौ द्वौ महादुर्गे कारागारेऽविचारतः।।३०।।
मायया सत्यदेवस्य न श्रुतं कैस्तयोर्वचः। अतस्तयोर्धनं राज्ञा गृहीतं चन्द्र केतुना।।३१।।

एक दिन भगवान् सत्यनारायण की माया से प्रेरित होकर दो चोर, राजा के धन को चुराकर भागे जा रहे थे। किन्तु पीछे से राजा के दूतों को आता देख वे दोनों चोर घबराकर भागते-भागते धन को वहीं चुपचाप छुपा दिया, जहाँ दोनों ससुर-जमाई ठहरे हुए थे। तब दूतों ने उस साधु वैश्य के पास राजा के धन को रखा देखकर दोनों को बाँधकर ले गये। और प्रसन्नता से दौड़ते हुए राजा के समीप जाकर बोले ये दो चोर हम पकड़कर ले आये हैं आप देखकर आज्ञा दें। राजा की आज्ञा से उनको कठिन कारावास में डाल दिया।

भगवान् सत्यदेव की माया से किसी ने उन दोनों की बात नहीं सुनी और राजा चन्द्रकेतु ने उन दोनों का धन भी ले लिया।।२६-३१।।

तच्छापाच्च तयोर्गेहे भार्या चैवाति दु:खिता। चौरेणापहृतं सर्वं गृहे यच्च स्थितं धनम्।।३२।।

आधिव्याधिसमायुक्ता क्षुत्पिपाशाति दु:खिता। अन्नचिन्तापरा भूत्वा बभ्राम च गृहे गृहे।।३३।।

कलावती तु कन्यापि बभ्राम प्रतिवासरम्।

एकस्मिन् दिवसे याता क्षुधार्ता द्विजमन्दिरम्। गत्वाऽपश्यद् व्रतं तत्र सत्यनारायणस्य च।।३४

उपविश्य कथां श्रुत्वा वरं प्रार्थितवत्यपि। प्रसाद भक्षणं कृत्वा ययौ रात्रौ गृहं प्रति।।३५।।

सत्यदेव के कुपित होने से इधर साधु वैश्य की पत्नी और पुत्री कलावती भी बहुत दु:खी हुई। और घर पर जो धन रखा था चोर चुरा कर ले गये। वह लीलावती शारीरिक तथा मानसिक पीडाओं से युक्त भूख और प्यास से दुखी हो अन्न की चिन्ता से दर-दर भटकने लगी। कन्या कलावती भी भोजन के लिये इधर-उधर प्रतिदिन घूमने लगी। एक दिन भूख प्यास से अति दुखित हो अन्न की चिन्ता में कलावती एक ब्राह्मण के घर गई। वहाँ उसने सत्यनारायण व्रत को होते हुए देखा। वहाँ बैठकर उसने कथा सुनी और वरदान माँगा तदनन्तर प्रसाद ग्रहण करके वह कुछ रात होने पर घर गई।।३२-३५।।

माता कलावतीं कन्यां कथयामास प्रेमतः। पुत्रि रात्रौ स्थिता कुत्र किं ते मनसि वर्तते।।३६।।

कन्या कलावती प्राह मातरं प्रति सत्वरम्। द्विजालये व्रतं मातर्दृष्टं वाञ्छितसिद्धिदम्।।३७।।

तच्छ्रुत्वा कन्यका वाक्यं व्रतं कर्तुं समुद्यता। सा मुदा तु वणिग्भार्या सत्यनारायणस्य च।।३८।।

व्रतं चक्रे सैव साध्वी बन्धुभिः स्वजनैः सह। भर्तृजामातरौ क्षिप्रमागच्छेतां स्वमाश्रमम्॥३९॥
अपराधं च मे भर्तुर्जामातुः क्षन्तुमर्हसि। व्रतेनानेन तुष्टोऽसौ सत्यनारायणः पुनः॥४०॥
दर्शयामास स्वप्नं हि चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम्। वन्दिनौ मोचय प्रातर्वणिजौ नृपसत्तम॥४१॥
देयं धनं च तत्सर्वं गृहीतं यत् त्वयाऽधुना। नो चेत् त्वां नाशयिष्यामि सराज्यधनपुत्रकम्॥४२॥

माता लीलावती ने कलावती से कहा—हे पुत्री! दिन में कहाँ रही? तथा इतनी रात तक कहाँ रुक गई थी, और तेरे मन में क्या है। कलावती बोली हे माता! मैंने एक ब्राह्मण के घर मनोरथ प्रदान करने वाला सत्यनारायण का व्रत देखा है। पुत्री के वचन सुनकर लीलावती भगवान् के पूजन की तैयारी करने लगी लीलावती ने परिवार और बन्धुओं सहित भगवान् का पूजन एवं व्रत किया और यह वर माँगा कि मेरे पति और दामाद शीघ्र ही सकुशल लौट आएँ। और प्रार्थना की हम सबका अपराध क्षमा करें। भगवान् सत्यदेव इस व्रत से सन्तुष्ट हुए और राजा चन्द्रकेतु को स्वप्न में दिखाई दिये और बोले—हे राजन्! दोनों बन्दी वैश्य प्रातःकाल ही छोड़ दो और उनका सब धन जो तुमने ग्रहण किया है वह लौटा दो, नहीं तो तुम्हारा सब धन, राज्यपाट आदि सब नष्ट कर दूँगा।३६-४२॥

एवमाभाष्य राजानं ध्यानगम्योऽभवत् प्रभुः। ततः प्रभातसमये राजा च स्वजनैः सह॥४३॥
उपविश्य सभामध्ये प्राह स्वप्नं जनं प्रति। बद्धौ महाजनौ शीघ्रं मोचय द्वौ वणिक्सुतौ॥४४॥
इति राज्ञो वचः श्रुत्वा मोचयित्वा महाजनौ। समानीय नृपस्याग्रे प्राहुस्ते विनयान्विताः॥४५॥
आनीतौ द्वौ वणिक्पुत्रौ मुक्तौ निगडबन्धनात्। ततो महाजनौ नत्वा चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम्॥४६॥

स्मरन्तौ पूर्व वृत्तान्तं नोचतुर्भयविह्वलौ। राजा वणिक्सुतौ वीक्ष्य वचः प्रोवाच सादरम्।।४७।।

राजा से स्वप्न में इतना कहकर भगवान् सत्यनारायण अन्तर्धान हो गये। इसके अनन्तर प्रातःकाल राजा चन्द्रकेतु ने सभा में अपने सभासदों को स्वप्न के विषय में बताया और दोनों बन्दी वैश्यों को मुक्त कर सभा में लाने की आज्ञा दी। राजा की आज्ञा पाकर राजपुरुष दोनों महाजनों को बन्धन से मुक्त कर राजा के सामने लाकर विनय पूर्वक बोले–हे महाराज! बेड़ी–बन्धन से मुक्त करके दोनो वणिक्पुत्र लाये गये हैं। इसके पश्चात् आते ही दोनों महाजनों ने राजा चन्द्रकेतु को नमस्कार किया और पूर्व वृत्तान्त का स्मरण करते हुए भय से विह्वल हो गये और कुछ बोल न सके। राजा चन्द्रकेतु ने वणिक्पुत्रों को देखकर मीठे वचनों सेआदर पूर्वक कहा–।।४३–४७।।

दैवात् प्राप्तं महद्दुःखमिदानीं नास्ति वै भयम्। तदा निगडसंत्यागं क्षौरकर्माद्यकारयत्।।४८।।

वस्त्रालङ्कारकं दत्त्वा परितोष्य नृपश्च तौ। पुरस्कृत्य वणिक्पुत्रौ वचसाऽतोषयद् भृशम्।।४९।।

पुरानीतं तु यद् द्रव्यं द्विगुणीकृत्य दत्तवान्। प्रोवाच च ततो राजा गच्छ साधो निजाश्रमम्।।५०।।

राजानं प्रणिपत्याह गन्तव्यं त्वत्प्रसादतः। इत्युक्त्वा तौ महावैश्यौ जग्मतुः स्वगृहं प्रति।।५१।।

हे महानुभवों! आप लोगों को भावी वस ऐसा कठिन दुःख प्राप्त हुआ है। अब कोई भय नहीं है। ऐसा कहकर उन दोनों की बेणी खुलवाकर क्षौर कर्म कराया और नए–नए वस्त्राभूषण देकर तथा आदर के साथ सामने बुलाकर वाणी द्वारा अत्यधिक आनन्दित किया। उनका जितना धन लिया था उससे दूना करके

दे दिया, राजा ने पुनः उनसे कहा—'साधो! अब आप अपने घर को जायँ। राजा को प्रणाम करके वैश्य साधु ने कहा–'आपकी कृपा से हम जा रहे हैं'—ऐसा कहकर और भगवान् का धन्यवाद कर दोनों महावैश्यों ने अपने घर के लिये प्रस्थान किया।।४८–५१।।

जापर कृपा राम की होई। तापर कृपा करहिं सब कोई।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्यनारायण व्रतकथायां तृतीयोऽध्यायः ।।

।। इस प्रकार श्रीस्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह तीसरा अध्याय पूरा हुआ ।।३।।

अथ चतुर्थोऽध्यायः

असत्य-भाषण तथा भगवान् के प्रसाद की अवहेलना का परिणाम

सूत उवाच

यात्रां तु कृतवान् साधुर्मङ्गलायनपूर्विकाम्। ब्राह्मणेभ्यो धनं दत्त्वा तदा तु नगरं ययौ॥१॥
कियद् दूरे गते साधौ सत्यनारायणःप्रभुः। जिज्ञासां कृतवान् साधो किमस्ति तव नौस्थितम्॥२॥
ततो महाजनौ मत्तौ हेलया च प्रहस्य वै। कथं पृच्छसि भो दण्डिन् मुद्रां नेतुं किमिच्छसि॥३॥
लतापत्रादिकं चैव वर्तते तरणौ मम। निष्ठुरं च वचः श्रुत्वा सत्यं भवतु ते वचः॥४॥
एवमुक्त्वा गतः शीघ्रं दण्डी तस्य समीपतः। कियद् दूरे ततो गत्वा स्थितः सिन्धु समीपतः॥५॥

श्रीसूतजी बोले—वैश्य ने मंगलाचार और ब्राह्मणों को धन देकर अपने नगर की यात्रा आरंभ की, और उनके थोड़ी दूर पहुँचने पर भगवान् सत्यनारायण की साधू के सत्यता की परीक्षा लेने की जिज्ञासा हुई, दण्डी का वेश धारण कर सत्यनारायण भगवान ने उनसे पूछा—हे साधो! आपकी नाव में क्या भरा है? अभिमानी वणिक हँसता हुआ अवहेलना पूर्वक बोला—हे दण्डिन्! आप क्यों पूछते हैं? क्या कुछ द्रव्य लेने की इच्छा है? मेरी नाव में तो बेल तथा पत्ते आदि भरे हैं। वैश्य की ऐसी निष्ठुर वाणी सुनकर भगवान् ने कहा तुम्हारा वचन सत्य हो। ऐसा कहकर दण्डी सन्यासी का रूप धारण किये हुए सत्यनारायण भगवान् वहाँ से चले गये और कुछ दूर जाकर समुद्र के किनारे बैठ गये॥१-५॥

गते दण्डिनि साधुश्च कृतनित्यक्रियस्तदा। उत्थितां तरणीं दृष्ट्वा विस्मयं परमं ययौ॥६॥
दृष्ट्वा लतादिकं चैव मूर्च्छितो न्यपतद् भुवि। लब्धसंज्ञो वणिक्पुत्रस्ततश्चिन्तान्वितोऽभवत्॥७॥
तदा तु दुहितुः कान्तो वचनं चेदमब्रवीत्। किमर्थं क्रियते शोकः शापो दत्तश्च दण्डिना॥८॥
शक्यते तेन सर्वं हि कर्तुं चात्र न संशयः। अतस्तच्छरणं यामो वाञ्छतार्थो भविष्यति॥९॥
जामातुर्वचनं श्रुत्वा तत्सकाशं गतस्तदा। दृष्ट्वा च दण्डिनं भक्त्या नत्वा प्रोवाच सादरम्॥१०॥
क्षमस्व चापराधं मे यदुक्तं तव सन्निधौ। एवं पुनः पुनर्नत्वा महाशोकाकुलोऽभवत्॥११॥

दण्डी के चले जाने पर वैश्य ने नित्यक्रिया करने के पश्चात् नाव को जल में ऊपर की ओर उठी हुई देखकर अत्यन्त आश्चर्य में पड़ गया, तथा नाव में बेल आदि देखकर मूर्छित हो जमीन पर गिर पड़ा। फिर मूर्छा खुलने पर बहुत शोक करने लगा तब उसके दामाद ने इस प्रकार कहा–आप शोक न करें यह दण्डी का श्राप है, अतः उनकी शरण में चलना चाहिए तभी हमारी मनोकामना पूरी होगी क्योंकि वे चाहें तो सब कुछ कर सकते हैं इसमें कोई संशय नहीं है। दामाद के वचन सुनकर वह साधु वणिक् दण्डी-स्वामीजी के पास पहुँचा। अत्यन्त भक्तिभाव से प्रणाम करके बोला–मैंने जो आपसे असत्य वचन कहे थे, उसके लिए क्षमा कीजिए ऐसा कहकर महान् शोकातुर हो रोने लगा॥६-११॥

प्रोवाच वचनं दण्डी विलपन्तं विलोक्य च। मा रोदीः शृणुमद्वाक्यं मम पूजाबहिर्मुखः॥१२॥
ममाज्ञया च दुर्बुद्धे लब्धं दुःखं मुहुर्मुहुः। तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं स्तुतिं कर्तुं समुद्यतः॥१३॥

तब दण्डी भगवान् बोले–हे मूर्ख! रो मत, मेरी बात सुनो। मेरी पूजा से उदासीन होने के कारण तथा

मेरी आज्ञा से बार-बार तुम्हें दुःख प्राप्त हुआ है। भगवान् की ऐसी वाणी सुनकर साधू वणिक् उनकी स्तुति करने लगा-।।१२-१३।।

साधुरुवाच

त्वन्मायामोहिताःसर्वे ब्रह्माद्यास्त्रिदिवौकसः। न जानन्ति गुणान् रूपं तवाश्चर्यमिदं प्रभो।।१४।।

मूढोऽहं त्वां कथं जाने मोहितस्तवमायया। प्रसीद पूजयिष्यामि यथाविभवविस्तरैः।।१५।।

पुरा वित्तं च तत् सर्वं त्राहि मां शरणागतम्। श्रुत्वा भक्तियुतं वाक्यं परितुष्टो जनार्दनः।।१६।।

साधु ने कहा—हे भगवान्! यह आश्चर्य की बात है कि आपकी माया से मोहित होने के कारण ब्रह्मा आदि देवता भी आपके रूप और गुणों को ठीक रूप से नहीं जान पाते, फिर मैं अज्ञानी आपकी माया से मोहित होने के कारण कैसे जान सकता हूँ? आप प्रसन्न होइए मैं सामर्थ्य के अनुसार आपकी पूजा करूँगा। मैं आपकी शरण में आया हूँ मेरा जो नौका में स्थित पुराना धन था, उसकी तथा मेरी रक्षा करें, और पहले की तरह मेरा सामान नौका में भर जाय। उसके भक्तियुक्त वचन सुनकर भगवान् जनार्दन सन्तुष्ट हो गये।।१४-१६।।

वरं च वाञ्छितं दत्त्वा तत्रैवान्तर्दधे हरिः। ततो नवं समारुह्य दृष्ट्वा वित्तप्रपूरिताम् ।।१७।।

कृपया सत्यदेवस्य सफलं वाञ्छितं मम। इत्युक्त्वा स्वजनैः सार्धं पूजां कृत्वा यथाविधि ।।१८।।

हर्षेण चाभवत् पूर्णःसत्यदेवप्रसादतः। नावं संयोज्य यत्नेन स्वदेशगमनं कृतम् ।।१९।।

साधुर्जामातरं प्राह पश्य रन्तपुरीं मम। दूतं च प्रेषयामास निजवित्तस्य रक्षकम् ।।२०।।

भगवान् हरि उसकी इच्छानुसार वर देकर अन्तर्धान हो गये। तब उन्होंने नाव पर आकर देखा कि नाव धन से परिपूर्ण है, तब भगवान् के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और वह स्वजनों के साथ भगवान् सत्यदेव का पूजन किया, और नाव को यत्न पूर्वक सभाँलकर साथियों सहित अपने नगर को चला। साधु वणिक् ने अपने दामाद से कहा–'वह देखो मेरी रत्नपुरी नगरी दिखाई दे रही है'। इसके बाद उसने अपने धन के रक्षक दूतों को अपने आगमन का समाचार देने के लिये अपनी नगरी में भेजा।।१७–२०।।

ततोऽसौ नगरं गत्वा साधुभार्यां विलोक्य च। प्रोवाच वाञ्छितं वाक्यं नत्वा बद्धाञ्जलिस्तदा।।२१।।
निकटे नगरस्यैव जामात्रा सहितो वणिक्। आगतो बन्धुवर्गैश्च वित्तैश्च बहुभिर्युतः ।।२२।।
श्रुत्वा दूतमुखाद्वाक्यं महाहर्षवती सती। सत्यपूजां ततः कृत्वा प्रोवाच तनुजां प्रति ।।२३।।
व्रजामि शीघ्रमागच्छ साधुसंदर्शनाय च। इति मातृवचः श्रुत्वा व्रतं कृत्वा समाप्य च ।।२४।।
प्रसादं च परित्यज्य गता साऽपि पतिं प्रति। तेन रुष्टाः सत्यदेवो भर्तारं तरणिं तथा।।२५।।
संहृत्य च धनैः सार्धं जले तस्यावमज्जयत्।

तत्पश्चात् उस दूत ने नगर में जाकर साधू की भार्या को देख हाथ जोड़ कर प्रणाम किया और उसके अभीष्ट की बात कही कि साधू अपने दामाद सहित बहुत सा धन लेकर इस नगर के समीप आ गये हैं। ऐसा वचन सुन लीलावती ने बड़े हर्ष के साथ सत्यदेव का पूजन कर पुत्री से कहा मैं अपने पति के दर्शन करने जाती हूँ, तुम कार्य पूर्ण करके शीघ्र आना, माता का ऐसा वचन सुनकर कलावती व्रत को समाप्त करके प्रसाद छोड़ पति के दर्शन के लिये चली गई। प्रसाद की अवज्ञा के कारण सत्यदेव

ने रुष्ट हो उनके पति को नाव सहित पानी में डुबो दिया।।२१-२५१/२।।

ततः कलावती कन्या न विलोक्य निजं पतिम् ।।२६।।

शोकेन महता तत्र रुदन्ती चापतद् भुवि। दृष्ट्वा तथाविधां नावं कन्यां च बहुदुःखिताम् ।।२७।।

भीतेन मनसा साधुः किमाश्चर्यमिदं भवेत्। चिन्त्यामानाश्च ते सर्वे बभूवुस्तरिवाहकाः ।।२८।।

ततो लीलावती कन्यां दृष्ट्वा सा विह्वलाऽभवत्। विललापातिदुःखेन भर्तारं चेदमब्रवीत् ।।२९।।

इदानीं नौकया सार्धं कथं सोऽभूदलक्षितः। न जाने कस्य देवस्य हेलया चैव सा हृता ।।३०।।

सत्यदेवस्य माहात्म्यं ज्ञातुं वा केन शक्यते। इत्युक्त्वा विललापैव ततश्च स्वजनैः सह ।।३१।।

ततो लीलावती कन्यां क्रोडे कृत्वा रुरोद ह।

तत्पश्चात् कलावती अपने पति को न देखकर रोती हुई, महान् शोकातुर होकर जमीन पर गिर गई इस तरह नौका को डूबा हुआ तथा कन्या को रोता देख साधू दुखित हो मन में विचार करने लगा—यह क्या आश्चर्य हो गया? नाव का संचालन करने वाले भी चिन्तित हो गये। लीलावती भी कन्या को व्याकुल देखकर विह्वल हो गयी और अत्यन्त दुःख से विलाप करती हुई अपने पति से इस प्रकार कहने लगी—'अभी-अभी नौका के साथ दामाद कैसे अलक्षित हो गया, न जाने किस देवता की उपेक्षा से नौका हरण कर ली गयी अथवा श्रीसत्यनारायण की महिमा कौन जान सकता है!' ऐसा कहकर स्वजनो के साथ विलाप करने लगी और कन्या कलावती को गोद में लेकर रोने लगी।।२६-३११/२।।

ततःकलावती कन्या नष्टे स्वामिनि दुःखिता।।३२।।

गृहीत्वा पादुके तस्यानुगन्तुं च मनोदधे। कन्यायाश्चरितं दृष्ट्वा सभार्यः सज्जनो वणिक्॥३३॥
अतिशोकेन संतप्तश्चिन्तयामास धर्मवित्। हृतं वा सत्यदेवेन भ्रान्तोऽहं सत्यमायया॥३४॥
सत्यपूजां करिष्यामि यथाविभवविस्तरैः। इति सर्वान् समाहूय कथयित्वा मनोरथम् ॥३५॥
नत्वा च दण्डवद् भूमौ सत्यदेवं पुनः पुनः। ततस्तुष्टः सत्यदेवो दीनानां परिपालकः ॥३६॥
जगाद वचनं चैनं कृपया भक्तवत्सलः। त्यक्त्वा प्रसादं ते कन्या पतिं द्रष्टुं समागता ॥३७॥
अतोऽदृष्टोऽभवत्तस्याः कन्यकायाः पतिर्ध्रुवम्। गृहं गत्वा प्रसादं च भुक्त्वा साऽऽयाति चेत्पुनः॥३८॥
लब्धभर्त्री सुता साधो भविष्यति न संशयः।

कलावती कन्या भी अपने पति के नष्ट हो जाने पर दुःखी हो गयी और अपने पति की पादुका लेकर उनका अनुगमन करने के लिये उसने मन में निश्चय किया। कन्या के इस प्रकार के आचरण को देखकर पत्नी सहित वह साधु वणिक् बहुत दुःखी हुआ और विचार करने लगा—या तो भगवान् सत्यदेव ने दामाद के साथ धन-धान्य से भरी इस नौका का अपहरण किया है अथवा हम सभी उनकी माया से मोहित हो गये हैं। हे प्रभु! अपनी धन-शक्ति के अनुसार मैं आपकी पूजा करूँगा'—सभी के सामने साधु ने अपने मन की इच्छा प्रकट की और बारम्बार भगवान् सत्यदेव को दण्डवत् प्रणाम किया, एवं प्रार्थना की कि हे प्रभो! मुझसे या मेरे परिवार से जो भूल हुई उसे क्षमा करो। उसके दीन वचन सुनकर भगवान् दीनानाथ को दया आ गई और आकाशवाणी के द्वारा कृपापूर्वक बोले—हे साधू तेरी कन्या ने मेरे प्रसाद को छोड़कर अपने पति को देखने चली आयीं है, निश्चय ही यही कारण है कि उसका पति दिखाई नहीं दे रहा है।

यदि घर जाकर प्रसाद ग्रहण कर आये तो तुम्हारी पुत्री निश्चितरूप से पति को प्राप्त करेगी, इसमें संशय नहीं है।।३२-३८१/२।।

कन्यका तादृशं वाक्यं श्रुत्वा गगनमण्डलात् ।।३९।।
क्षिप्रं तदा गृहं गत्वा प्रसादं च बुभोज सा। पश्चात् सा पुनरागत्य ददर्श स्वजनं पतिम्।।४०।।
ततः कलावती कन्या जगाद पितरं प्रति। इदानीं च गृहं याहि विलम्बं कुरुषे कथम्।।४१।।
तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं संतुष्टोऽभूद् वणिक्सुतः। पूजनं सत्यदेवस्य कृत्वा विधिविधानतः।।४२।।
धनैर्बन्धुगणैः सार्धं जगाम निजमन्दिरम्। पौर्णमास्यां च संक्रान्तौ कृतवान् सत्यस्य पूजनम्।।४३।।
इहलोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ।।४४।।

आकशवाणी को सुन कलावती ने शीघ्र घर पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुनः उसने आकर अपने पति का दर्शन पाया। तब वैश्य परिवार के सब लोग प्रसन्न हुए। कलावती कन्या ने अपने पिता से कहा–'अब विलम्ब क्यों कर रहे हैं? अब तो घर चलें। कन्या की बात सुनकर वणिक्पुत्र सन्तुष्ट हो गया और साधू ने बन्धु-बांधवों सहित सत्यदेव का विधिपूर्वक पूजन किया, और धन तथा बन्धु बान्धवों के साथ अपने घर को गया। उस दिन से हर पूर्णिमा व संक्रान्ति एवं विशेष पर्वों में सत्यनारायण भगवान् का पूजन करते हुए इस लोक में सुख भोगकर वैकुण्ठ में चला गया।।३९-४४।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे श्रीसत्यनारायण व्रतकथायां चतुर्थोऽध्यायः ।।

।। इस प्रकार श्री स्कन्द पुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रतकथा का यह चौथा अध्याय पूरा हुआ ।।४।।

अथ पञ्चमोऽध्याय:

राजा तुङ्गध्वज और गोपगणो की कथा

सूत उवाच

अथान्यच्च प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमा:। आसीत् तुङ्गध्जो राजा प्रजापालनतत्पर: ॥१॥
प्रसादं सत्यदेवस्य त्यक्त्वा दु:खमवाप स:। एकदा स वनं गत्वा हत्वा बहुविधान् पशून् ॥२॥
आगत्य वटमूलं च दृष्ट्वा सत्यस्य पूजनम्। गोपा: कुर्वन्ति संतुष्टा भक्तियुक्ता: स बान्धवा: ॥३॥
राजा दृष्ट्वा तु दर्पेण न गतो न ननाम स:। ततो गोपगणा: सर्वे प्रसादं नृपसन्निधौ ॥४॥
संस्थाप्य पुनरागत्य भुक्त्वा सर्वे यथेप्सितम्। तत: प्रसादं संत्यज्य राजा दु:खमवाप स: ॥५॥

श्रीसूतजी बोले–हे श्रेष्ठ मुनियों! अब इसके बाद मैं दूसरी कथा कहूँगा, आप लोग सुनें। अपनी प्रजा का पालन करने में लीन तुंगध्वज नामक एक राजा था। उसने भी भगवान् सत्यदेव के प्रसाद को त्यागकर बहुत दु:ख पाया। एक बार वह वन में जाकर और वहाँ बहुत से पशुओं को मारकर बड़ के पेड़ के नीचे आया। वहाँ उसने भक्ति–भाव से ग्वालों को बन्धु–बांधवों सहित सन्तुष्ट–चित्त होकर सत्यदेव की पूजा करते देख, राजा अभिमान वश न वहाँ गया और न ही उसने भगवान् सत्यनारायण को नमस्कार किया। जब ग्वालों ने भगवान् का प्रसाद उसके सामने रखा तो वह प्रसाद को त्यागकर अपनी सुन्दर नगरी की ओर चला गया। ग्वालवालों ने भगवान् का इच्छानुसार प्रसाद ग्रहण किया। इधर राजा को प्रसाद का परित्याग करने से बहुत दु:ख प्राप्त हुआ॥१–५॥

तस्य पुत्रशतं नष्टं धनधान्यादिकं च यत्। सत्यदेवेन तत्सर्वं नाशितं मम निश्चितम् ।।६।।
अतस्तत्रैव गच्छामि यत्र देवस्य पूजनम्। मनसा तु विनिश्चित्य ययौ गोपालसन्निधौ ।।७।।
ततोऽसौ सत्यदेवस्य पूजां गोपगणैःसह । भक्तिश्रद्धान्वितो भूत्वा चकार विधिना नृपः ।।८।।
सत्यदेवप्रसादेन धनपुत्रान्वितोऽभवत्। इहलोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ।।९।।

जब अपने राजमहल में आया तो क्या देखता है? उसने अपना सब कुछ नष्ट पाया, सम्पूर्ण धन-धान्य एवं सभी सौ पुत्र नष्ट हो गये। राजा ने मन में यह निश्चय किया कि अवश्य ही भगवान् सत्यनारायण ने हमारा नाश किया है, इसलिये मुझे वहीं जाना चाहिये जहाँ श्री सत्यनारायणजी का पूजन हो रहा था। तत्पश्चात् वह राजा मन में विश्वास कर ग्वाल वालों के समीप गया। और उसने गोप गणों के साथ भक्ति-श्रद्धा से युक्त होकर विधिपूर्वक भगवान् सत्यनारायण का पूजन किया एवं प्रसाद ग्रहण किया। भगवान् सत्यदेव की कृपा से राजा पुनः धन और पुत्रों से सम्पन्न हो गया। इस लोक में सभी सुखों का उपभोगकर अन्त में वैकुण्ठलोक को प्राप्त हुआ।।६-९।।

य इदं कुरुते सत्यव्रतं परमदुर्लभम्। शृणोति च कथां पुण्यां भक्तियुक्तः फलप्रदाम् ।।१०।।
धनधान्यादिकं तस्य भवेत् सत्यप्रसादतः। दरिद्रो लभते वित्तं बद्धो मुच्येत बन्धनात् ।।११।।
भीतो भयात् प्रमुच्येत सत्यमेव न संशयः। ईप्सितं च फलं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरंव्रजेत् ।।१२।।
इति वः कथितं विप्राः सत्यनारायणव्रतम्। यत् कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः।।१३।।

श्रीसूतजी कहते हैं-कि इस परम दुर्लभ व्रत को जो व्यक्ति करता है और पुण्यमयी एवं फलप्रदायिनी

भगवान् की कथा को भक्ति-युक्त होकर सुनता है, उसे भगवान् सत्यदेव की कृपा से धन-धान्य की प्राप्ति होती है। निर्धन-धनी होता है, बन्दी-बन्धन से मुक्त होकर निर्भय हो जाता है, डरा हुआ व्यक्ति भय से मुक्त हो जाता है, सन्तान हीनों को संतान प्राप्त होती है यह सत्य बात है इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है। भगवान् की कृपा से उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं एवं सभी मनोरथों को प्राप्तकर अन्त में बैकुण्ठधाम को प्राप्त करता है। हे ब्राह्मणों! इस प्रकार मैंने आप लोगों से भगवान् सत्यनारायण के व्रत को कहा, जिसे करके मनुष्य सभी दुःखों से मुक्त हो जाता है।।१०-१३।।

विशेषतः कलियुगे सत्यपूजा फलप्रदा। केचित् कालं वदिष्यन्ति सत्यमीशं तमेव च ।।१४।।
सत्यनारायणं केचित् सत्यदेवं तथापरे। नानारूपधरो भूत्वा सर्वेषामीप्सितप्रदम्।।१५।।
भविष्यति कलौ सत्यव्रतरूपी सनातनः। श्रीविष्णुना धृतं रूपं सर्वेषामीप्सितप्रदम्।।१६।।
य इदं पठते नित्यं श्रृणोति मुनिसत्तमाः। तस्य नश्यन्ति पापानि सत्यदेवप्रसादतः।।१७।।
व्रतं यैस्तु कृतं पूर्वं सत्यनारायणस्य च। तेषां त्वपरजन्मानि कथयामि मुनीश्वराः।।१८।।

